भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †1120**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**देश में खेलो इंडिया योजना**

**†1120. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश और दादरा और नगर हवेली सहित देश में खेलो इंडिया योजना के तहत स्थापित खेलो इंडिया केंद्रों कुल संख्या कितनी है;

(ख) इस योजना के तहत पहचाने गए युवा एथलीटों की संख्या और मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के संभाजीनगर (औरंगाबाद) सहित देश में प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान किए गए एथलीटों की संख्या क्या है;

(ग) मध्य प्रदेश सहित देश में उक्त योजना के तहत अब तक कितनी वित्तीय सहायता आवंटित की गई है;

(घ) मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के संभाजीनगर (औरंगाबाद) सहित देश में विभिन्न खेलों में प्रतिभागियों की संख्या के साथ खेलो इंडिया विश्वविद्यालय और खेलो इंडिया स्कूल खेलों के कार्यान्वयन में प्रगति का विवरण क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा विशेषरूप से खेलो इंडिया योजना के माध्यम से उक्त राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों सहित देश के ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इन क्षेत्रों में कितनी नई सुविधाएं प्रदान की गई हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली सहित देश भर में स्थापित खेलो इंडिया केंद्रों की कुल संख्या तथा पहचाने गए और प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता प्राप्त युवा एथलीटों की संख्या का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड पर https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) इस मंत्रालय में निधियों का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है, न कि राज्य-वार। पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश राज्य सहित खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत आवंटित निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

**( करोड़ रु. में )**

| क्र. सं. | वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 869.00 |
| 2 | 2022-23 | 600.00 |
| 3 | 2023-24 | 880.00 |

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा विकास" घटक के अंतर्गत, खेलो इंडिया स्कूल/युवा खेलों के छह संस्करण और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों के चार संस्करण अब तक आयोजित किए जा चुके हैं। प्रतिभागियों की संख्या और इन खेलों में शामिल क्षेत्रों जैसे विवरण **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ङ) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, यह मंत्रालय खेल उपकरणों के साथ-साथ खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल आदि जैसे मूलभूत खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उक्त राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। इसके साथ ही, खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन खेलो इंडिया स्कीम के तहत एक सतत प्रक्रिया है और यह पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर निर्भर है।

**अनुबंध – I**

**“देश में खेलो इंडिया योजना” के संबंध में श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, श्री भुमारे संदीपनराव आसाराम भुमरे, श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, माननीय लोकसभा सदस्यों द्वारा दिनांक 10.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1120 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **क्र. सं.** | **स्पर्धा का नाम** | **मेजबान राज्य** | **भाग लेने वाले एथलीटों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1. | खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, 2018 | नई दिल्ली | 3507 |
| 2. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2019 | महाराष्ट्र | 5923 |
| 3. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020 | असम | 6130 |
| 4. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 | हरियाणा | 4684 |
| 5. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022 | मध्य प्रदेश | 4783 |
| 6. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023 | तमिलनाडु | 4454 |
| 7. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2020 | ओडिशा | 3166 |
| 8. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 | कर्नाटक | 3894 |
| 9. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2022 | उत्तर प्रदेश | 3613 |
| 10. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2023 | पूर्वोत्तर राज्य | 3658 |

*****